*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## 21वें गाजर घास जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह का समापन

पंतनगर। 22 अगस्त 2026। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग द्वारा अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना के अंतर्गत आयोजित 21वां गाजर घास जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह का समापन कृषि महाविद्यालय सभागार में किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा- दीपा विनय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर निदेशक शोध डा- एस-के- वर्मा, अधिष्ठाता कृषि डा- अनिल शुक्ला, परियोजनाधिकारी डा- एस-पी- सिंह, निदेशक संचार डा- जे-पी- जायसवाल, मुख्य महाप्रबंधक, विश्वविद्यालय फार्म डा- राजेश प्रताप सिंह, निदेशक सेवायोजन परामर्श डा- एम-एस- नेगी, संयुक्त निदेशक प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र के डा- ए-एस- जीना, पूर्व परियोजनाधिकारी डा- तेज प्रताप सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी तथा खरपतवार परियोजना से जुड़े कृषि श्रमिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डा- दीपा विनय ने गाजर घास से मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने गाजर घास के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए सस्य विज्ञान विभाग एवं परियोजना टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा इसके उन्मूलन के लिए निरंतर जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

समापन समारोह से पूर्व गाजर घास जागरूकता सप्ताह के छठे दिन सस्य विज्ञान विभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय के एग्रोनॉमी-2 विंग स्थित स्मार्ट क्लास में गाजर घास विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पंतनगर इंटर कालेज, कैंपस स्कूल पंतनगर, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, नगला (डेयरी फार्म), राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी एवं हरीश पवार सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल, तिवारी नगर, बिंदुखत्ता विद्यालयों के 10-10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में कैंपस स्कूल पंतनगर के श्रीहान सिंह ने प्रथम, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नगला, डेयरी फार्म की हीना परवीन ने द्वितीय तथा कैंपस स्कूल पंतनगर की उन्नति टम्टा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर के आयुष को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ-साथ मार्गदर्शक शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिनमें कैंपस स्कूल पंतनगर से शिक्षिका श्रीमती मनीषा भट्ट एवं श्रीमती जसप्रीत कौर अरोरा, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर से शिक्षिका श्रीमती गीता जोशी एवं कु0 सोनिया कुशवाहा, राजकीय इन्टर कालेज शान्तिपुरी से शिक्षक श्री बाल कृष्ण पाण्डेय एवं श्री नन्द बल्लभ जोशी, हरीश पवार सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल से शिक्षिका कु0 अंकिता जोशी, तिवारी नगर, बिन्दुखत्ता तथा राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नगला (डेयरी फार्म) से श्रीमती बबीता शाह एवं श्रीमती पूर्णिमा चौधरी को भी उनके द्वारा कराये गये विभिन्न गाजरघास जागरूकता एवं उन्मूलन से संबंधित कार्यों के लिए 'पार्थेनियम वारियर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एम-एससी- छात्रा अंजली ने किया। समापन अवसर पर परियोजनाधिकारी डा- एस-पी- सिंह ने कृषि वैज्ञानिकों, विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा खरपतवार परियोजना से जुड़े कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गाजर घास के उन्मूलन एवं इसके दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

निदेशक संचार




गाजर घास
(PARTHENIUM HYSTEROPHORUS)